कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 02.11.2024

विषयः- जैतपुरा पुलिस द्वारा शातिर चोर को गिरफ्तार, चोरी टोटो बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 239/2024 धारा- 303(2), 317(2) B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित चोर नेहाल अमहद पुत्र स्व0 महबूब अली निवासी पुराने पुल चौकी थाना सारनाथ उम्र 22 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 02/11/2024 को जलालीपुरा रेलवे यार्ड के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर चोरी गये वाहन ई-रिक्शा/टोटो को सिंधवाघाट उँचवा मैदान से सकुशल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 02/11/2024 को वादी मुकदमा ने लिखित सूचना दिया कि दिनांक 31/10/2024 को उसके टोटो चालक ने उसकी टोटो UP65JT9996 को हैंसतल्ले मोहल्ले में खड़ा किया था जो चोरी हो गया है, जिसके आधार पर दिनांक 02/11/2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0239/2024 धारा 303(2) BNS पंजीकृत किया गया था।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त नेहाल अमहद पुत्र स्व0 महबूब अली निवासी पुराने पुल चौकी थाना सारनाथ उम्र 22 वर्ष पूछने पर बता रहा है कि मैने तीन चार दिन पहले दोपहर 3.30 बजे के करीब जे डी सिल्क हंसतल्ले के पास से एक टोटो को चोरी किया था। उसी टोटो की बैटरी को बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा था, कि आप लोगों नें मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. नेहाल अमहद पुत्र स्व0 महबूब अली निवासी पुराने पुल चौकी थाना सारनाथ उम्र 22 वर्ष

बरामद सम्पत्ति का विवरण-

1. एक अदद ई रिक्शा/टोटो (YATRI SUPER) वाहन संख्या UP65JT9996, रंग लाल

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 239/2024 धारा 303(2), 317(2) B.N.S. थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. मु0अ0सं0-139/2020 धारा 380,411 IPC थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 श्री उ0नि0 शैलेश, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. का0 कीर्ति कुमार, , थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 आलोक, फैण्टम 24, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
5. का0 राजेश कुमार यादव, फैण्टम 24, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, जोन-काशी,
कमिश्नरेट वाराणसी।